# ISWK SHARING KNOWLEDGE

## Class - VI

## Subject- Hindi Third Language


Topic – महत्त्व सुलेख का

(संवाद)

Done By- Chitra

©ISWK

# पाठ- महत्त्व सुलेख का (संवाद)




महत्त्व = Importance

सुलेख = Good Writing



(Introduction)

# पाठ परिचय




इस पाठ में दो सहेलियों जया और चित्रा के बारे में बताया गया है | जया को लिखना अच्छा लगता है और चित्रा को पढ़ना | जया चित्रा को अच्छी लिखावट के नियम बताती है |जया की बातों से प्रभावित हो कर चित्रा भी सुलेख लिखना शुरू कर देती है |



जया

चित्रा





# 2 महत्व सुलेख का

*मन से-मुख से...*
- आप अपने दोस्तों से क्या बातें करते हैं?
- क्या आपने कभी पढ़ाई-लिखाई संबंधी कोई बात की है?

जया और चित्रा सहेलियाँ हैं। दोनों एक ही स्कूल में पढ़ती हैं। जया को लिखना पसंद है और चित्रा को पढ़ना।

"चित्रा, चलो सुलेख लिखते हैं।" — जया ने कहा।

"सुलेख क्या होता है?" — चित्रा ने पूछा।

"जब हम अक्षरों को धीरे-धीरे सुंदर बनाकर लिखते हैं, तब उसे सुलेख कहते हैं" — जया ने कहा।

सहेलियाँ- Friends(Female)
लिखना- write
पसंद- Like
सुलेख- Good Writing
अक्षरों- Alphabets
सुंदर- Nice, Beautiful



"लेकिन मुझे लिखना अच्छा नहीं लगता है और सुंदर लिखावट होने से क्या होता है?" — चित्रा ने कहा।

"सुंदर लिखावट के कई लाभ हैं। यदि दो छात्र किसी प्रश्न का एक जैसा उत्तर देते हैं तो अच्छी लिखावटवाले छात्र को अधिक अंक मिलते हैं।" — जया ने बताया।



"ठीक है, मैं बाद में लिख लूँगी।" — चित्रा ने कहा।



लिखावट – Handwriting

लाभ- Benefit

छात्र- Student

प्रश्न- Question

एक जैसा- Similar

उत्तर- Answer

जया ने समझाया – “सुलेख के लिए बचपन से ही अभ्यास करना चाहिए| जो बचपन में सुलेख लिखते हैं वे बड़े होकर जल्दी-जल्दी भी लिखते हैं तो भी उनकी लिखावट खराब नहीं होती है |”





बचपन – childhood
अभ्यास-Practice
जल्दी-जल्दी-Quickly
लिखावट –Handwriting
खराब-bad




सुलेख के महत्व के बारे में गांधी जी ने लिखा है– "पढ़ाई में सुलेख की कोई आवश्यकता नहीं है, यह बात मेरे मन में न जाने कहाँ से आ गई थी। लेकिन जब मैंने दक्षिण अफ्रीका के वकीलों और पढ़े-लिखे नवयुवकों के मोती जैसे अक्षर देखे तो बहुत शर्मिंदा हुआ। उसके बाद मैंने अपनी लिखावट सुधारने की बहुत कोशिश की, लेकिन पके घड़े पर कहाँ मिट्टी चढ़ती है।"


अच्छी लिखावट शिक्षा का एक आवश्यक अंग है।

चित्रा ने कहा, "समझ गई, पर मैं अपनी लिखावट अच्छी कैसे बनाऊँ?"

जया ने कहा, "सुलेख के कुछ नियम हैं। जिनका अनुकरण कर तुम अपनी लिखावट अच्छी कर सकती हो।"



महत्त्व – Importance
आवश्यकता– requirement
वकीलों- Lawyers
पढ़े-लिखे – Educated
नवयुवकों – Youth
मोती – Pearl
अक्षर – letters
शर्मिंदा– embarrassed
सुधारने – Improve
कोशिश – Try



अंग- Part
नियम- Rule
अनुकरण- Follow

**लिखते समय ध्यान रखना—**

- एक शब्द समाप्त होने पर तथा दूसरा शब्द लिखने से पहले कुछ स्थान छोड़ना।
- प्रत्येक पंक्ति निश्चित स्थान से शुरू करना।
- पंक्तियों के मध्य में कभी नहीं लिखना।
- हिंदी के अक्षर रेखा के नीचे लिखना।
- अक्षर के ऊपर शिरोरेखा सीधी और स्पष्ट लगाना।
- मात्राएँ स्पष्ट रूप से दिखाई देनीं चाहिए।

"वाह! यह तो बहुत सरल है। चलो, अब सुलेख का अभ्यास करते हैं।" — चित्रा ने कहा।

समाप्त – End
पहले – Before
स्थान – space
छोड़ना – leave
प्रत्येक पंक्ति- Each line
मध्य- mid
रेखा के नीचे – Below the line
सीधी- Straight
स्पष्ट- clear





(Notebook में कीजिए)

# शब्दार्थ Word Meaning



सहेलियाँ- Friends (Female)लड़की मित्र

लिखावट- Writing लिखी गई चीज़े

अंक- Marks संख्या

बचपन- Childhood जन्म से लेकर 12 वर्ष की उम्र

आवश्यकता- Need ज़रूरत

शिक्षा- Education ज्ञान

नियम- Rules तरीका

सीधी- Straight ठीक

पढ़ना- Reading

प्रश्न- Question सवाल

अभ्यास- Practice

महत्त्व- Importance आवश्यकता

शर्मिंदा- Ashamed लज्ज़ित

निशानी- Symbol चिह्न

अनुकरण- Follow पीछे-पीछे चलना

स्पष्ट- Clear साफ़

# पाठ से...... (Textbook में कीजिए)



1. सही विकल्प चुनिए-

क. जया और चित्रा कौन हैं ?

सहेलियाँ बहनें पड़ोसिनें माँ-बेटी

सहेलियाँ

ख. सुलेख के लिए अभ्यास कब से शुरू करना चाहिए ?

पढ़ाई पूरी होने पर युवावस्था में

बचपन से कभी भी

बचपन से

ग. अच्छी लिखावट किसका आवश्यक अंग है ?

जीवन का शिक्षा का

सुंदरता का अभ्यास का

शिक्षा का

(Textbook में कीजिए)

2. सही शब्द को चुनकर वाक्यों को पूरा कीजिए—

*Choose the correct words and complete the sentences.*

क. जया को ................ पसंद है और चित्रा को ................|

ख. हिंदी के अक्षर .................. के नीचे लिखे जाने चाहिए |

ग. मैंने अपनी .................... सुधारने की बहुत कोशिश की |

घ. ................ लिखावट के अनेक लाभ हैं |

लिखावट
लिखना
पढ़ना
सुंदर
रेखा

क. लिखना, पढ़ना ख. रेखा ग. लिखावट घ. सुंदर

## (Notebook में कीजिए)

सही ( √ ) या गलत ( X ) बताइए |

1. सुलेख लिखते समय पंक्तियों के मध्य में नहीं लिखना चाहिए|  (✓)
2. जया और चित्रा अलग-अलग स्कूल में पढ़ती थीं|  (X)
3. सुलेख लिखते समय मात्राएँ स्पष्ट रूपसे दिखाई देनी चाहिए |  (✓)
4. सुलेख लिखते समय अक्षर के ऊपर शिरोरेखा सीधी और स्पष्ट नहीं लगानी चाहिए |  (X)
5. सुलेख के नियमों का अनुकरण कर हम अपनी लिखावट अच्छी कर सकते है |  (✓)

# वचन बदलिए |

i) लड़का = लड़के

ii) पैसा = पैसे

iii) रुपया = रुपये

iv) पेंसिल = पेंसिलें

v) किताब = किताबें

vi) कलम = कलमें

vii) कुरसी = कुरसियाँ

viii) चिड़िया = चिड़ियाँ

Notebook में कीजिए |



Notebook
में कीजिए |

## सही हिंदी अर्थ लिखिए |

*Write correct Hindi meanings.*

Practice = अभ्यास

Childhood = बचपन

Ashamed = शर्मिंदा

Importance = महत्त्व

Education = शिक्षा

Clear = स्पष्ट

Reading = पढ़ना

Need = आवश्यकता



# पर्यायवाची शब्द (Synonym )

घोड़ा – अश्व, तुरंग

आकाश – गगन, नभ

आँख – नयन, नेत्र

दोस्त – मित्र, साथी

पक्षी – विहग, खग

पुष्प – कुसुम, सुमन

मनुष्य – मानव, नर

औरत – महिला, नारी


पानी – जल, नीर

अँधेरा – अंधकार, तिमिर



# विलोम शब्द

| | | |
|---|---|---|
| i) हिंसा | = | अहिंसा |
| ii) अंदर | = | बाहर |
| iii) न्याय | = | अन्याय |
| iv) शिक्षित | = | अशिक्षित |
| v) जन्म | = | मरण |
| vi) गरमी | = | सरदी |
| vii) दोस्त | = | दुश्मन |
| viii) सच | = | झूठ |
| ix) काला | = | सफ़ेद |
| X) शांति | = | अशांति |



Notebook में कीजिए |

दिए गए वाक्यों में उचित कारक चिह्न भरिए |

I. माँ ...... रोहित ........ मारा | ने, को

II. छत ......... बंदर बैठा है | पर

III. प्रिया ........ अपनी सहेली ........ उपहार दिया | ने, को

IV. मेरे घर ........ बाहर एक बस खड़ी है | के

V. मोहन बाज़ार ........ गीता ........ मिठाई लाया | से, के लिए

VI. आकाश ........ बादल देखकर मोर ख़ुशी ....... नाच उठे | में, से

VII. पानी ....... कमल के फूल हैं | में

VIII. राम........ बहन आठवीं कक्षा ...... पढ़ती है | की, में

# प्रश्नोत्तर

क. सुलेख का क्या अर्थ है ?

उत्तर = जब हम अक्षरों को धीरे-धीरे सुंदर बनाकर लिखते हैं, तब उसे सुलेख कहते हैं |

ख. चित्रा को क्या नहीं करना अच्छा लगता है ?

उत्तर = चित्रा को लिखना अच्छा नहीं लगता है |

ग. जया ने सुंदर लिखावट का क्या लाभ बताया ?

उत्तर = जया ने सुंदर लिखावट का यह लाभ बताया कि -----" यदि दो छात्र किसी प्रश्न का एक जैसा उत्तर देते हैं तो अच्छी लिखावटवाले छात्र को अधिक अंक मिलते हैं |"

# प्रश्नोत्तर

घ. सुलेख के क्या नियम हैं ? लिखिए |

उत्तर = सुलेख के निम्नलिखित नियम हैं ----

- एक शब्द के समाप्त होने पर तथा दूसरा शब्द लिखने से पहले कुछ स्थान छोड़ना चाहिए |
- प्रत्येक पंक्ति को निश्चित स्थान से शुरू करना चाहिए |
- पंक्तियों के मध्य में कभी नहीं लिखना चाहिए |
- हिंदी के अक्षरों को रेखा के नीचे लिखना चाहिए |
- अक्षर के ऊपर शिरोरेखा सीधी और स्पष्ट लगानी चाहिए |
- मात्राएँ स्पष्ट रूप से दिखाई देनी चाहिए |

ङ बचपन से सुलेख लिखने का क्या फ़ायदा होता है ?

उत्तर = जो बच्चे बचपन से सुलेख लिखने का अभ्यास करते हैं वे बड़े होकर जल्दी-जल्दी भी लिखते हैं तो भी उनकी लिखावट ख़राब नहीं होती है |